**जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला, के झण्डा दिवस निधि लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**अवधि 1.4.2013 से 31.3.2016**

**भाग-एक**

1 **गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:-**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ,काँगड़ा स्थित धर्मशाला के झन्डा दिवस निधि से सम्बन्धित पुराने पैरों के निपटारे/समायोजन हेतु की गई कार्यवाही की जाँच उपरान्त निपटारे हेतु बकाया पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है:-

**(क) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2005 से 3/2008**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरे की स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | पैरा -6 | अनिर्णीत |

**(ख) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2009 से 3/2011**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरे की स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | पैरा -6 | अंशत निर्णीत |

**(ग) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2011 से 3/2013**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरे की स्थिति | टिपण्णी |
|---|---|---|---|
| 1. | पैरा – 6 | निर्णीत | पुन: संशोधित प्रारूपित |
| 2. | पैरा – 7 | अनिर्णीत | |
| 3. | पैरा-8 (1 से 5) | अनिर्णीत | |

**भाग -दो**

**2 वर्तमान अंकेक्षण:-**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला झन्डा दिवस निधि के अवधि 4/2013 से 3 /2016 के वर्तमान लेखों का अंकेक्षण/जाँच परीक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेद में दिए गए है, श्री मुकेश कुमार स्नेही , अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 21-03-2017 से 23-03-2017 तक के दौरान बोर्ड कार्यालय में किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 01/14, 02/15 व 2/16 तथा व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह 01/14,10/14,व 05/15 को चयनित किया गया। अंकेक्षण अवधि में स्क्वार्डन लीडर श्री मनोज राणा द्वारा उप-

निदेशक, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला में आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्य किया गया। (अवधि 1.4.13 से अद्यतन)

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को बोर्ड के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार कि गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई कि जिम्मेवारी लेने से इंकार करता है।

**3 अंकेक्षण शुल्क:-**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला के अवधि 4 /13 से 3/16 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹3000 बनता है। अंकेक्षण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु इसे बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला -171009 को भेजने हेतु संस्थाध्यक्ष से अंकेक्षण अधियाचना सं०83 दिनांक 06-04-17 द्वारा अनुरोध किया गया

**4 वितीय स्थिति :-**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला के झण्डा दिवस निधि से सम्बन्धित लेखों की वित्तीय स्थिति अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न प्रकार से पाई गई :-

| वर्ष | आरम्भिक शेष | वर्ष में प्राप्त आय | वर्ष में प्राप्त ब्याज | जोड़ | व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013-14 | 5768350.52 | 706275.00 | 441116.00 | 6915741.52 | 488927.00 | 6426814.52 |
| 2014-15 | 6426814.52 | 758969.00 | 677291.56 | 7863075.08 | 100740.00 | 7762335.08 |
| 2015-16 | 7762335.08 | 670808.00 | 601757.30 | 9034900.38 | 232708.00 | 8802192.38 |

**अन्त शेष का विवरण :-**

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | दिनांक 31-3-16 को SBP के बचत खाता स.55096944563 में जमा राशि | ₹458219.27 |
| **(ii)** | दिनांक 31-3-16 को निवेशित राशि | ₹8343973.11 |
| | **कुल जोड़** | **₹8802192.38** |

**5 निवेश:-** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा झन्डा दिवस निधि से दिनांक 31-3-16 को ₹8343973.11 का निवेश सावधि जमा योजना के अंतर्गत किया गया था जिसका विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

**6 विभिन्न संस्थानों को जारी किए गए झण्डों बारे :-**

**परिशिष्ट "ख"** पर दिए गए विवरणानुसार विभिन्न संस्थानों को झण्डे भेजे गए दर्शाए गए है तथा दिनांक 31-03-16 तक झण्डे की आय मदों से सम्बन्धित विभिन्न संस्थानों से ₹169015.00 बकाया है **परिशिष्ट (ख)** पर वर्णित संस्थानों के प्रभारियों द्वारा न तो राशि भेजी

है और न ही झण्डों को वापिस किया गया है प्रभारियों द्वारा विक्रय किए गए झण्डों को वापिस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय को भेजा जाना अपेक्षित था। जबकि ऐसा नहीं किया गया है। अत: संस्थाध्यक्ष अपेक्षित कार्यवाही शीघ्र करके की गई कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण के समय पुष्टि हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**7 रसीदों से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत न करने बारे :-**

जाँच के दौरान अंकेक्षण अवधि से सम्बन्धित जारी रसीदों का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण में आवयश्क जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में रसीदों की स्टॉक प्रविष्टयों की पुष्टि नहीं की जा सकी। अत: आगामी अंकेक्षण के समय रसीदों से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर को आवयश्क जाँच हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

8 वाउचर संख्या 11 माह 01/14 की जाँच करने पर पाया गया कि ₹47420 का भुगतान मै० सरन दास महाजन टेक्सटाइल धर्मशाला को उनके बिल संख्या 568 दिनांक 08-01-14 से कोट,पेंट के लिए कपडा खरीद हेतु किया गया। उक्त खरीद में निम्न लिखित अनियमितता पाई गई :-

**(क)** कोट,पेंट की सिलाई पर कितना मीटर कपडा खरीदना अपेक्षित था इसका प्राकलन दर्जी से प्राप्त नहीं किया गया था आपूर्ति आदेश द्वारा सप्लाई आर्डर अनुसार 81 मीटर कोट का कपडा क्रय किया जाना था जबकि बिल अनुसार 64 मीटर कपडा ख़रीदा गया जिस बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये।

**(ख)** उक्त खरीद हेतु आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम दर की निविदा मै० सरन दास महाजन टेक्सटाइल धर्मशाला की थी परन्तु सप्लाई आर्डर न० –लेखा/18 /2013-14 दिनांक 04-01-14 मै० मनोहर लाल एंड सन्स धर्मशाला को जारी किया गया था जिस बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये।

**(ग)** जाँच में पाया गया कि बिल अनुसार 64 मीटर कोट का कपडा व 41 मीटर पेंट के कपडे की स्टॉक प्रविष्टि अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में खरीद की पुष्टि अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी।

**(घ)** उपरोक्त वर्णित बिल सक्षम अधिकारी /आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा न तो सत्यापित किया गया न ही भुगतान हेतु पारित किया गया था।

अत: उक्त अनियमितताओं बारे स्थिति स्पष्ट कर अनुपालना से आगामी लेखा परीक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 स्टॉक प्रविष्टि न करने बारे :-**

वाउचर संख्या शून्य माह 01/14 की जाँच करने पर पाया गया कि ₹6800 का भुगतान हि०प्र स्टेट हैंडलूम व हेंडीक्राफ्ट धर्मशाला को उनके बिल संख्या 14102 दिनांक 16-01-14 द्वारा 34 बुशहरी टोपी की खरीद हेतु किया गया। परन्तु उक्त टोपियों की स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई जिसके अभाव में अंकेक्षण द्वारा खरीद की पुष्टि नहीं की जा सकी अत: स्टॉक

प्रविष्टि न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10 लघु- आपत्ति विवरणिका:-** यह अलग से जारी नहीं की गई है। इनका मौके पर निपटारा कर दिया गया।

**11 निष्कर्ष:** - लेखाओं के रख-रखाव में सुधार एवं कड़े निरीक्षण की आवश्यकता है।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.
फोन नं0 0177–2620881

पृष्ठांकन संख्याः– फिन(एल0ए0)एच(2)सी (15)(14)116/87 खण्ड–5607–5610,दिनाँक–12.09.2017.
शिमला–171009,

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः–

**पंजीकृत**

1 उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड काँगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।
2 अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–171002
3 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश
4 जिलाधीश काँगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित की जाती है।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.
फोन नं0 0177–2620881